# अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में विकसित होगा आइटी पार्क

## जिलाधिकारी व इंडस्ट्री के अफसरों ने किया क्षेत्र का दौरा ग्रीन बेल्ट विकसित करने के लिए प्रस्ताव तैयार

जागरण संवाददाता • लखनऊ : अमौसी औद्योगिक क्षेत्र अब आइटी पार्क के रूप में भी विकसित होगा। अमौसी औद्योगिक क्षेत्र के सामने ही इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, इसलिए यहां आइटी इंडस्ट्रीज की अपार संभावनाओं को देखते हुए जल्द ही राज्य सरकार को प्रशासन इस संबंध में प्रस्ताव भेजेगा। मंगलवार को अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में जिला उद्योग बंधु की बैठक के बाद निरीक्षण पर निकले डीएम सूर्यपाल गंगवार और इंडस्ट्री के अधिकारियों ने आइटी पार्क के प्रस्ताव पर स्थानीय उद्यमियों के साथ चर्चा की।



अमौसी औद्योगिक क्षेत्र का दौरा करते डीएम सूर्यपाल गंगवार और अधिकारी • सौजन्य : जिला प्रशासन

डीएम ने कहा कि अमौसी औद्योगिक क्षेत्र की अनूठी स्थिति को देखते हुए यहां पर आइटी पार्क विकसित करने की अपार संभावनाएं हैं। इसलिए वह अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में आइटी पार्क विकसित करने के लिए राज्य सरकार के समक्ष प्रस्ताव रखेंगे। सरकार लगातार उद्यमियों को इस दिशा में प्रोत्साहित कर रही है। आइटी पार्क को प्रमोट करने के लिए सरकार ने पहले से ही कई तरह की छूट दे रखी है।

डीएम ने बंद पड़े यूपीडीपीएल की स्थिति की समीक्षा की और कहा कि वह इस जमीन को आइटी से संबंधित उद्यम स्थापित करने में रुचि रखने वाले अन्य संभावित निवेशकों को फिर से आवंटित करने के लिए राज्य सरकार के साथ मामला उठाएंगे। डीएम ने वहां 25 एकड़ में फैले ग्रीन बेल्ट को विकसित करने की बात कही। डीएम ने कहा, वह ग्रीन बेल्ट को अच्छी तरह से विकसित करने के लिए नगर आयुक्त से बात करेंगे।

अमौसी औद्योगिक क्षेत्र के महासचिव रजत मेहरा ने कहा कि उद्यमी आइटी पार्क का स्वागत करते हैं। प्रशासन के साथ इसका प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। अमौसी औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवशंकर अवस्थी ने कहा, आइटी पार्क से देश-विदेश की कंपनियां आएंगी, जिससे पूरे प्रदेश को इसका लाभ मिलेगा। आइआइए लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष विकास खन्ना ने कहा, लखनऊ के लिए यह बड़ा उपहार होगा।

**औद्योगिक फीडर से हटेंगे निजी विद्युत कनेक्शन** : जिला उद्योग बंधु की बैठक में अमौसी और नादरगंज क्षेत्र में बिजली, जलभराव और सड़कों पर चर्चा हुई। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सड़क संख्या एक, दो और चार की मरम्मत का काम जल्द पूरा हो जाएगा। उद्यमियों द्वारा सरोजनीनगर एवं अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत ट्रिपिंग को दूर करने के लिए डीएम से दोनों क्षेत्रों में औद्योगिक तथा निजी विद्युत कनेक्शन को अलग करने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता

**25** एकड़ में फैले ग्रीन बेल्ट को अच्छी तरह विकसित करने की बात डीएम ने कही

विद्युत को निर्देश दिए कि दोनों औद्योगिक क्षेत्रों में ट्रिपिंग न हो यह सुनिश्चित करें। औद्योगिक फीडर पर अगर निजी विद्युत कनेक्शन हैं तो तत्काल उनको शिफ्ट करना सुनिश्चित किया जाए। गत कई बैठकों से लगातार लंबित चले आ रहे गोयला औद्योगिक क्षेत्र में निर्मित अधूरे सड़क को पूर्ण कराने तथा औद्योगिक क्षेत्र चिन्हट में हाउस टैक्स वसूली से संबंधित प्रकरणों पर बात हुई।

बैठक के बाद जिलाधिकारी ने अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इकाईयों का निरीक्षण किया और उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण पर चर्चा की। उद्यमियों द्वारा बताया गया की पीएन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के पास से जो ड्रेन निकल रही है उसकी सफाई नहीं हो रही है। तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र के महासचिव यूनुस सिद्दीकी ने सफाई का मुद्दा उठाया तो डीएम ने वहां के लिए दस सफाई कर्मचारी नियुक्त करने के निर्देश दिए।